an>

Title: Need for construction of underground road from Thane to Borivalli in Maharashtra.

श्री राजन विचारे (ठाणे) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान महाराÂष्ट्र राज्य सरकार द्वारा मंजूर की गई ठाणे से बोरिवली (टीकुजिनी वाडी से बोरिवली) के बीच 11 किलोमीटर के प्रस्तावित भूमिगत मार्ग की तरफ आकर्Âिषत करना चाहता हूं। केन्द्र सरकार के पर्यावरण विभाग द्वारा जारी किए हुए परिपत्र के अनुसार संरक्षित वन क्षेत्र में वन विभाग के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों के लिए प्रत्यक्ष प्रकल्प निर्माण एवं प्रकल्प प्रस्ताव के संबंध में आवश्यक जिओ-टैक्निकल और अन्य सर्वेक्षण आदि हेतु पर्यावरण विभाग द्वारा गठित कमेटी, नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ से अनुमति लेना जरूरी है। उक्त मंजूर भूमिगत मार्ग के प्रकल्प अभ्यास के लिए आवश्यक अनुमति देने में लगने वाला समय एवं इसके बाद प्रत्यक्ष प्रकल्प निर्माण के कार्य के लिए आवश्यक अनुमति व आरम्भ में लगने वाले समय को ध्यान में रखते हुए प्रकल्प निर्माण कार्य आरंभ में अनिश्चित कालावधि लगने की संभावना है। ऐसी स्थिति में अब उक्त प्रस्तावित भूमिगत मार्ग के निर्माण कार्य पर सवाल खड़ा होने लगा है।

महोदया, ठाणे में रहने वाले उक्त प्रस्तावित मार्ग को लेकर काफी उत्साहित हैं, क्योंकि इसके बनने से ठाणे से बोरिवली की दूरी मात्र दस मिनट में तय हो जायेगी, जिसे वर्तमान में पूरा करने में डेढ़ घंटे का समय लग जाता है।

अतः मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि उक्त मार्ग में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए संबंधित विभाग को जरूरी दिशा-निर्देश देने की कृपा करें। ताकि मेरे संसदीय क्षेत्र ठाणे और बोरिवली में रहने वाले लोगों को उत्तम यातायात का साधन उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही साथ लोगों का समय भी बचेगा, लोगों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी तथा देश के संसाधनों को बचाने से ही देश का तेजी से आर्थिक विकास होगा। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री शरद त्रिपाठी तथा कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राजन विचारे द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।